अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

करौली । लांगरा थाना पुलिस ने पिकअप गाडड़ी में रखे डीजे साउंड बॉक्स में भरकर अवैध शराब ले जाने के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। ड्राइवर को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। लांगरा थानाधिकारी बासुदेव बसवाल ने बताया कि पिकअप में डीजे साउंड बॉक्स में भर कर अवैध शराब ले जाने के दूसरे आरोपी हर्षित बंसल 21 पुत्र दामो बंसल निवासी मंडरायल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि 6 सितंबर को गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कसियापुरा के रास्ते पर अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां कसियापुरा के कच्चे रास्ते से एक पिकअप मंडरायल की तरफ जा रही थी। पिकअप को संदेह होने पर रुकवा कर जांच की तो पिकअप में डीजे साउंड के बॉक्स रखे हुए थे। ड्राइवर से पूछताछ की तो संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिला। इस दौरान पिकअप में रखे डीजे साउंड बॉक्स की जांच की तो उनमें अवैध शराब भरकर ले जाए जा रही थी। पुलिस ने अवैध शराब की करीब 20 पेटियों को जब्त किया था। पूछताछ में आरोपी शराब को लेकर उचित जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस दौरान एक हर्षित पिकअप से कूदकर कसियापुरा की तरफ भाग गया।

बिना मंजूरी के चल रहे अवैध निर्माण किये सीज, लोगों में मचा हडकंप

करौली । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर बिना मंजूरी अवैध निर्माणों के खिलाफ फिर एक बार बुधवार को कार्यवाही करने से हडकंप मचा गया। बुधवार को यह कार्यवाही नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के नेतृत्व में बिना एनओसी के चल रहे निर्माण कार्य को सीज करने की कार्यवाही कि गई है।

■ **बिना स्वीकृति के भवन निर्माण करने वालों को पूर्व में कई नोटिस दिए गए है। उसके उपरान्त भी अवैध निर्माण कार्य जोरो पर चल रहे थे**

बिना मंजूरी के चल रहे अवैध निर्माण को कलेक्टर के आदेश पर सीज किया।

नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने बताया की बिना स्वीकृति के भवन निर्माण करने वालों को पूर्व में कई नोटिस दिए गए है। उसके उपरान्त भी अवैध निर्माण कार्य जोरो पर चल रहे थे। जिसके खिलाफ कार्यवाही कि जा रही है और कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। आयुक्त करणी सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन और नगर परिषद की टीम ने परिषद क्षेत्र में अवैध रूप से बिना मंजूरी के नियमों के विपरीत निर्माणाधीन इमारतदुकानों भवनो को सीज करने कि कार्यवाही कि गई है जिसमें बुधवार को कुल 15 निर्माणाधीन इमारतें,दुकान,भवन सीज किए गए तथा लोगों को हिदायत भी दी गई है कि यदि कोई सीज किए गए भवनों, इमारत में लगी सील को तोडने का प्रयास करता है या भवन में प्रवेश करता है तो उसे दोषीकरण कि कार्यवाही करते हुए उसके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 2009 की धाराओं एवं अन्य विधिक धाराओं के अंतर्गत एफआईआरएवं जुर्माने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी देखने लायक यह है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ की गई कार्यवाही मे देखने में आया कि यहां के सबसे बडी शहर कि पोस कॉलोनी के नाम से म'ाहूर गुलाब बाग के सामने होकर निकल रहे हाईवे सडक मार्ग पर भी बडे-बडे होटल का कार्य निर्माणाधीन है जिनको भी नगर परिषद प्रशासन ने सीज किया है। कार्यवाही के दौरान आयुक्त करणीसिंह,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,पुलिस जाप्ता और नगरपरिषद के आका'ा शर्मा,राहुल सैन आदि कर्मचारी मोजूद रहे।

हादसे में नर्सिंग कर्मी की मौत

सूरौठ । कस्बा निवासी संविदा नर्सिंग कर्मी हितेश शर्मा कों गत रात को जयपुर में बस चालक के टक्कर मारने से हुई मौत, सूचना पर एंबुलेंस मौके पहुंचकर नर्सिंग कर्मी को नजदीक हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन चोट गंभीर होने की वजह से मौत हो गई पोस्टमार्टम करके शव को परिजनो को सौंप दिया कस्बा सूरौठ निवासी हितेश कौशिक पुत्र रिटायर्ड प्रधानाचार्य ब्रह्म दत्त शर्मा कि जयपुर में गत दिवस रात कों करीब 9 बजे ड्यूटी से अपने घर बाईक से लौटते वक्त बस चालक ने बाईक चालक को टक्कर मारकर उसके ऊपर से बस के पहिए को निकाल देने का शोर शराबा होने पर वहां,उपस्थित लोगों ने नर्सिंग कर्मी हितेश कौशिक को बस के नीचे से निकाल कर एम्बुलेंस कि सहायता से अस्पताल पहुंचाया बस चालक बस कों बही छोडकर फरार हो गया अस्पताल पहुंचने के बाद नर्सिंग कर्मी को आईसीयू में भर्ती किया गया लेकिन डाक्टरों कि काफी कोशिश के बाद नहीं बचाया जा सका, जयपुर राजकीय चिकित्सालय में मृतक नर्सिंग कर्मी का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया शव कों परिजन करौली जिले कि सूरौठ तहसील पहुंचकर गमगीन माहौल में दोपहर करीब 2 बजे दाह संस्कार किया गया मृतक नर्सिंग कर्मी कि करीब 10 माह पूर्व ही शादी हुई थी ,मृतक के पिता सेवानिवृत्त अध्यापक ब्रह्मदत्त शर्मा के ये एक ही पुत्र था वो भी सडक दुघर्टना में चल बसा।

सार-समाचार

आयोग अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

राज्य महिला आयोग अध्यक्षा रेहाना रियाज चिश्ती ने भरतपुर में जिला स्तरीय जनसुनवाई की।

भरतपुर (निस)। राज्य महिला आयोग अध्यक्षा रेहाना रियाज चिश्ती ने बुधवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय जनसुनवाई की जिसमें 15 परिवादी उपस्थित हुए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही परिवादों के संबंध में जानकारी लेकर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। महिला आयोग अध्यक्षा ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की काउंसलर उमा जैमिनी से पीडित महिलाओं के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावासों में प्रशासन के द्वारा समय-समय पर बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जावे। उन्होंने कहा कि महिला थानों में अधिक से अधिक महिला कार्मिकों की संख्या को बढ़ाया जाकर साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जावे एवं थाना परिसर में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के क्षितठास्त भवन का निर्माण करवाया जावे। जनसुनवाई में अधिकतम पुलिस विभाग, नगर निगम से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए जिनके बारे में अधिकारियों से फीडबैक लेकर अतिशीघ्र कार्यवाही करने हेतु एवं पीडिता को राहत दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अति कलक्टर शहर राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार, एसई नगर निगम विनोद कुमार चौहान, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक जगदीश प्रसाद चांवरिया, महिला थाना, एसएचओ भंवर सिंह, सहायक निदेशक सानिवि योगेश कुमार, श्रम निरीक्षक स्वाती सिंह, वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक, सृजना, नीरज, पूजा वशुमती, ज्योती चौधरी आदि उपस्थित रहे।

दर्शनों का बदला समय

गंगापुर सिटी । श्री कुशालगढ के श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद ने बताया कि शरद पूर्णिमा से कुशालगढ के बाबा श्याम के प्रतिदिन के दर्शनो के समय में बदलाव किया गया है। अब मंगला आरती सुबह 5.30, श्रृंगार आरती सुबह 8.15 बजे एवं मंदिर के पट दोपहर 12.30 से 4.15 तक बंद रहेंगे। संध्या आरती शाम 6.30 बजे व शयन आरती 8=30 बजे होगी रात्रि 9 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद ने क्षैत्र के लोगो से समय का ध्यान रखते हुए बाबा श्याम के आलौकिक दर्शनो का सपरिवार लाभ उठाने की अपील की है।

सुरेन्द्र मीना बने जिला अध्यक्ष

करौली । राजस्थान पंचायतीराज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ जिला करौली का निर्विरोध सुरेन्द्र मीना को जिला अध्यक्ष बनाया। निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र सिंह बबेली जिला अध्यक्ष अलवर पर्यवेक्षक, जोगेन्द्र सिंह जादौन जिला अध्यक्ष जयपुर एवं सोनडारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान पंचायतीराज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ जयपुर के द्वारा करौली का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न करवाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष सुरेश चन्द मीना,उपाध्यक्ष रमेश पंवार,जिला मंत्री सीताराम गुर्जर,संयुक्त मंत्री केदार लाल,कोषाध्यक्ष जगराम मीना, प्रवक्ता बाल मुकुन्द गुप्ता,प्रदेश प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद जाट के निर्वाचन सम्पन्न करायें गयें। जिसमें जिले के अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उपरोक्त कार्यकारिणी का सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वागत किया।

शिक्षक का अभिनंदन किया

करौली । दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक के सचिव गंगाराम ने रमेश चंद प्रजापति खेड़िया वाले करौली,वरिष्ठ अध्यापक राउमावि लेदोरकला मासलपुर से सेवानिवृत हुए उनके द्वारा सेवानिवृति एवं रामायण पाठ प्रीति भोज का आयोजन किया गया। संस्थान पदाधिकारियों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया समारोह में प्रोफेसर गोविंद सहाय प्रजापत, पप्पू प्रजापति हलवाई, मुकेश प्रजापत, श्रीभगवान प्रजापति, बाबू लाल प्रजापति, राजकुमार प्रजापत, रामखिलाडी मीना पूर्व विकास अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह गुर्जर गुटियारी प्रजापत अध्यापक, हेमराज प्रजापत, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

खीर प्रसादी का वितरण

करौली । राधा मदन मोहन मन्दिर मे शयंन आरती भक्त मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उल्लई आरती से शयन आरती तक राधा मदन मोहन शयन आरती भक्त मंडल की ओर से खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राधा मदन मोहन शयन भक्त मंडल के सदस्य जयंत शर्मा जोंटी ने बताया कि 200 क्विंटल दूध की खीर का प्रसाद भक्तो को वितरित किया गया था इस प्रसादी वितरण कार्यक्रम मे राधा मदन मोहन शयन आरती भक्त मंडल के सदस्य लक्खी काका जी ,अमित , मन्नू(मनोज), नीरज , विजय और शिव जी पंडित जी का विशेष सहयोग रहा है।

वैश्य महासम्मेलन का स्नेह मिलन समारोह हुआ

जुरहरा (निस)। कस्बे में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इकाई जुरहरा के तत्वावधान में वैश्य समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान रविंद्र जैन की अध्यक्षता, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया के मुख्य आतिथ्य, सेवानिवृत्त आयुर्वेद अधिकारी डॉ. नरेश गोपाल वार्ष्णेय व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री सुमनेश गुप्ता, अठावाल समाज के जिला अध्यक्ष अतुल गर्ग, जिला मंत्री जीतेन्द्र अग्रवाल, शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य व जिला युवा अध्यक्ष मनीष गर्ग विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले बच्चों तथा सीए, डॉक्टर, अधिवक्ता आदि से संबंधित बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के 22 लोगों को सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अनिल लोहिया ने बताया की हम सभी लोगों को एकजुट रहना है तथा वैश्य समाज के सभी सदस्य एक-दूसरे की सहायता करने का वचन लें। उन्होंने बताया 10 नवंबर को भरतपुर में एक विराट वैश्य महासंगम का आयोजन किया जाएगा जिसमें उन्होंने ज्यादा से ज्यादा समाज बंधुओं से वहां पहुंचने का आ ान भी किया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व नाट्यय प्रस्तुतियां भी दीं गई।

426 बच्चों ने पी दवा

भरतपुर (निस)। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर पार्षद सुंदर सिंह एवं पूर्व उपनिदेशक डॉ मुकुट शर्मा द्वारा भगवान धन्वंतरि पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। शिविर प्रभारी डॉ ललित व्यास ने बताया कि जसवंत प्रदर्शनी में गत 9 अक्टूबर 2024 से निरंतर योग शिविर आयोजित किया जा रहा था उसका समापन बुधवार को किया गया एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 426 बच्चों को इम्यूनिटि या रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली स्वर्ण प्राशन औषधि नि:शुल्क पिलाई गई, शिविर में शहर और ठामीण क्षेत्रों के बच्चों की खासी भीड़ रही। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉ शैलेष शर्मा ने सभी को स्वर्ण प्राशन संस्कार के लाभ बताते हुए बताया कि यह औषधि नियमित बच्चों को पिलाने से होने वाली सभी व्याधियों से दूर रखा जा सकता है ।

'तारबंदी के प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें'

करौली । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने किसानों के द्वारा रात्रि चैपाल में तारबंदी के प्राप्त प्रकरणों सहित चिकित्सा,शिक्षा,पेयजल,पंचायती राज सहित अन्य विभागों से प्राप्त परिवादों का समय सीमा में निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बूकना में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन कि समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल में ठामीणों के द्वारा जॉब कार्ड बनवाने, नहरों को दुरूस्त करवाने, सिंचाई हेतु नहर खुलवाने,नरेगा में रोजगार दिलवाने,खेल मैदान बनवाने,आवासीय पट्टे दिलवाने,जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन दिलवाने,आवागमन हेतु रास्ता दिलवाने, आवारा पशुओं का समाधान करने हेतु गौशाला खुलवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने,प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुडवाने, स्कूल बाउंड्री ढहने पर जॉच करवाने,रोड लाईट लगवाने, दिवाली से पहले नालों की सफाई करवाने,सार्वजनिक शौचालय ठीक करवाने, सार्वजनिक पुस्ताकालय निर्माण करवाने एवं ठीले तारों को ताईट करवाने सहित ठामीणों एवं परिवादियों के विभिन्न विभागों के लगभग 45 प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये।जिला कलेक्टर ने चैपाल में चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों को देखते हुए दवाईयों की उपलब्धता, स्नैक बाईट के इन्जेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्कूल में अध्यापकों के समय पर उपस्थित होने आंगनबाडी केन्द्रों में पोषाहार का समय पर वितरीत करने सहित अन्य निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा,उपखण्ड अधिकारी सपोटरा,कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा,पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा,उद्यान विभाग के उपनिदेशक रामलाल जाट,तहसीलदार सपोटरा सहित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

'सर्पदंश के डसने पर तुरंत इलाज करायें'

करौली । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने कहा कि सर्पदंश एवं जहरीले कीडे के काटने पर शीघ्र ही नजदीकी पीएचसी,सीएचसी एवं जिला चिकित्सालय में ईलाज करायें जिससे की समय पर उपचार कर पीडित की जान बचाई जा सके उन्होंने इस संबंध में आमजन से अपील कि इनके काटने पर अंधविश्वास एवं झाड फुंक से बचे चिकित्सालयों में पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध है। जिला कलेक्टर बुधवार को ग्राम पंचायत मांची के महिला एवं पुरूषों के सर्पदंश से पीडित एवं परिवारजनों से मिलने के पश्चात बोल रहे थे उन्होंने जिला चिकित्सालय के आईसीयु वार्ड में सर्पदंश से पीडित महिला एवं पुरूषों से मिले एवं हर संभव बेहतर उपचार करने का चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये एवं चिकित्सा अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम कि जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान पीडितों से भी पुरे घटना क्रम कि जानकारी ली एवं शीघ्र ही वन विभाग की टीम को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये एवं प्रभावित क्षेत्रों में दवा छिडकाव के भी निर्देश दिये जिससे की सर्पों व जहरीले कीडों को रेसक्यू किया जा सके। उन्होंने इस संबंध में आमजन से अपील कि कि इस प्रकार कि घटना होने पर शीघ्र ही नजदीकी चिकित्सालय में ईलाज करवायें अंधविश्वास की घटनाओं पर बिल्कुल ध्यान न दे। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा ने कहा कि सर्पदंश एवं जहरीले कीडे के काटने पर तत्काल चिकित्सालय में उपचार करवा कर जान बचाई जा सकती है।

■ **प्रभावित क्षेत्रों में दवा छिडकाव के भी निर्देश दिये**

फिल्मी गीतों की प्रस्तुति

भरतपुर (निस)। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में रागा फ्यूजन ठ्रुप के द्वारा भरतपुर आर्ट फेस्टिवल कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी व फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ खुशीराम मीणा ने की। भरतपुर में श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में लोगों के मनोरंजन के लिए पहली बार इस तरह के म्युजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुम्बई के कलाकारों ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि लोग झूमने को मजबूर हो गए। जो है अलबेला मद नैनों वाला, तेरी दीवानी बनेगी राधा, ये कृष्णा है आदि गीतो की प्रस्तुति दी गई।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के निर्देशानुसार आर्य पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी, स्कूल, भरतपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता पुनीत गर्ग, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा स्कीम तस्करी और वाणिज्यिक यौन पीडितों के लिए विधिक सेवाएं, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं, राजस्थान पीडित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में अधिवक्ता भविष्य फौजदार, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके अधिकार, स्वच्छता, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 स्थाई लोक अदालत आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

जयकारो से गुंजा गंगापुर शहर

गंगापुर सिटी । मां कैलादेवी सेवा संस्थान के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा पर्व पर कैला मैया की निशुल्क 24वीं पदयात्रा बुधवार को पुरानी अनाज मंडी सीताराम मंदिर से दोपहर बाद विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर डीजे और बैंडबाजों के साथ रवाना हुई। पदयात्रा में शामिल माता के भक्त डीजे की धुन और भजनों पर नाचते गाते हुए और माता के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। पदयात्रा की रवानगी से पूर्व मां कैलादेवी सेवा संस्थान के पदाधिकारी-सदस्य और सैंकडों महिला-पुरुष श्रद्धालु पुरानी अनाज मंडी स्थित सीतारामजी मंदिर पर दोपहर करीब 3 बजे एकत्रित हुए। यहां पर पहले भगवान के साथ साथ माता के ध्वज की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संस्थान के अध्यक्ष दिनेश मास्टर, महामंत्री रमेश तिवाडी, राजेन्द्र वैष्णव, नवलकिशोर बैंक, वेदप्रकाश मंगल, राहुल गर्ग, महादेव प्रसाद, अनीता पंसारी आदि ने विद्वान पंडितों द्वारा पदयात्रा के ध्वज की पूजा अर्चना संपन्न करवाई। पूजा अर्चना और आरती के बाद माता की प्रतिमा को फूलों से सजे-धजे रथ में विराजित किया गया। इसके बाद बैंडबाजों और डीजे के साथ पदयात्रा रवाना हुई, जिसमें डीजे की धुन और बैंडबाजों पर उत्साही महिला-पुरुष और युवा भजनों पर नाचते गाते हुए और माता कैला मैया के सहित अन्य देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। अध्यक्ष दिनेशचंद मास्टर तंबोली और प्रवक्ता वेदप्रकाश मंगल ने बताया कि पदयात्रा सीतारामजी मंदिर पुरानी अनाज मंडी की परिक्रमा करते हुए शहर के प्रमुख बाजार व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, चौपड, बालाजी चौक, फव्वारा चौक, उदेई मोड, सालौदा होते हुए कैलादेवी के लिए रवाना हो गई। पदयात्रा का मार्ग में जगह-जगह विभिन्न बाजार एसोसिएशन संगठनों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के द्वारा पुष्प वर्षा कर और पद यात्रियों को अल्पाहार कराकर स्वागत किया। रात्री को वेदप्रकाश मंगल और लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी के संयोजन में सांस्कृतिक प्रोग्राम के तहत भगवती जागरण चैनपुर बालाजी पर रात्रि 12 बजे तक होगा। इस दिन शरद पूर्णिमा पर्व के चलते बिजली घर के पास खीर की प्रसादी का वितरण पदयात्री और श्रद्धालुओं को किया जाएगा। 17 अक्टूबर को सुबह 4 बजे खोहरी माता के दर्शन कर सुबह 5 बजे कैला माता के दर्शन करेंगे। साथ ही मथुरा वालों की धर्मशाला में सुबह 6 बजे भंडारा होगा।

समिति पदाधिकारियों ने पदयात्रा रवानगी से पहले पूजन की ।

आरती की : गंगापुर सिटी । कर्मावती जन्म धाम सेवा समित की देखरेख में कर्मावती जन्म धाम गढमोरा की 12वीं पदयात्रा मंगलवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी के मंदिर से शाम 5 बजे बैंडबाजों के साथ रवाना हुई। पदयात्रा की रवानगी से पूर्व कर्मावती जन्म धाम सेवा समित के पदाधिकारी-सदस्य और सैन समाज के सैंकडों महिला-पुरुष, युवा, बुजुर्ग पुरानी अनाज मंडी स्थित सीतारामजी मंदिर में दोपहर 3 बजे एकत्रित हुए। साथ ही सहयोगी परगना बडी उदेई, कुडगांव चौरासी, सपोटरा, जीरोता, करौली आदि जगहों से भी लोग मंडी स्थित मंदिर पर पहुंचे। यहां पहले विधिवत भगवान के साथ साथ कर्मावती जन्मधाम गढमोरा के ध्वज की पूजा अर्चना और आरती की गई।

भुगतान दिलवाने के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । स्कूल शिक्षा परिवार जिला गंगापुर सिटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को ज्ञापन देकर निजी स्कूलों का पिछले सालों का बकाया आरटीई का भुगतान दिलाए जाने की मांग की है।

■ **निजी स्कूलों का पिछले सालों का बकाया आरटीई का भुगतान दिलाए जाने की मांग की**

स्कूल शिक्षा परिवार जिला गंगापुर सिटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा निशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों को दी जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति का गत दो सत्रों से 2022-23 से 2023/24 तक का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि हर साल शैक्षणिक सत्र के अन्तर्गत वर्ष में दो बार भुगतान किए जाने का प्रावधान है।

स्कूल शिक्षा परिवार जिला गंगापुर सिटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने बताया कि कुछ स्कूलों को भुगतान प्राप्त हो चुका है, लेकिन अधिकांश स्कूलों को भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अधिकांश दावा प्रपत्रों का भुगतान स्वीकृति आदेश बना दिया गया है, लेकिन ट्रेजरी द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से ट्रेजर कोषाधिकारी सवाई माधोपुर से संज्ञान लेकर भुगतान को जल्द से जल्द करवाने की मांग की है।

स्कूल शिक्षा परिवार जिला गंगापुर सिटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने बताया कि आरटीई का भुगतान नहीं होने के कारण स्कूल संचालकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड रहा है। इनमें स्कूल संचालकों को कर्मचारियों को वेतन, स्कूल संचालन खर्च सहित कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्रतिवर्ष आरटीई में बालकों प्रवेश सुचारु रूप से चल रहा है तो फिर भुगतान में देरी क्यों।

उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र आरटीई का भुगतान स्कूल संचालकों को दिए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग समय पर पूरी नहीं की गई तो मजबूर होकर निजी स्कूल संचालकों के द्वारा स्कूल संचालन बंद करना पडेगा। ज्ञापन देने के दौरान निजी स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष डॉ. अनुज शर्मा, जिला आरटीई प्रभारी नीटू सिंह धावई, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री महेंद्र कुमार, कोषाधिकारी टीसी मीणा, धर्म प्रकाश, सुरेश, विजेंद्र धाकड, नटवर, सुरेंद्र सहित कई स्कूल संचालक मौजूद थे।

महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा निकाली

भरतपुर (निस)। महर्षि भगवान बाल्मीकि की शोभायात्रा का कुम्हेर गेट से शुभारंभ किया गया है। शोभा यात्रा के अध्यक्ष राजेश चौहान ने बताया कि शोभा यात्रा कुम्हेर गेट से होते हुए लक्ष्मण मन्दिर से होते हुए चौबुर्जा, चौबुर्जा से होते हुए, बिजलीघर चौराहे से बाल्मीकि बस्ती मथुरा गेट में समापन हुआ। बाल्मीकि जयन्ती की शोभा यात्रा बडी धूमधाम से निकाली गई। जिसमें व्यापारी एवं अन्य समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। बाल्मीकि शोभा यात्रा को हरी झण्डी पूर्व विधायक विजय बंसल, श्रवण कुमार विश्नोई आयुक्त नगर निगम ने दिखाई।

सरकार के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत

भरतपुर (निस)। बुधवार को राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने प्रदेश भाजपा सरकार के दस महीने का कार्यकाल पूरा होने पर सरकार के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने बीते दस माह में कई उल्लेखनीय और एतिहासिक कार्य किए हैं।

प्रदेश की भजन लाल सरकार ने सत्ता में आते ही एसआईटी का गठन कर परीक्षाओं में हुई धांधली की जांच कराई और आरोपियों को सलाखों की पीछे पंहुचाकर बेरोजगार युवाओं को न्याय दिलाने का कार्य किया।

पश्चिम मध्य रेल

आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना

संख्याः सी-560/102/STBA/2024-25

दिनांकः 15.10.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं.सी** – 560/102/STBA/16/2024, **कार्य का नामः** अनारक्षित टिकिट जारी करने के लिए कोटा मण्डल के 20 स्टशनों पर 03 वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन एसटीबीए की नियुक्ति हेतु। **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 13.11.2024 को 17.00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 14.11.2024 को 13.00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समयः** 14.11.2024 को 16.00 बजे तक। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तो को वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

COLLEGE OF AGRICULTURE

(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Baseri, Dholpur (Rajasthan)-328027

No. : F.( )/Dean-COAB/2024/1675 Dated :- 10/10/2024

NOTICE INVITING BID

Bid for open tender regarding Share basis farming for rabi crop 2025 are invited from interested bidders up to 11 AM, 23.10.2024. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website.

NIB Code SKN2425A0192 and UBN is SKN2425WSOB00194

Raj.Samwad/C/24/6609 DEAN